>

Title: Situation arising out of the proposed move of the Ministry of Railways to cancel the stoppage of important trains in Jalgaon district, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं जलगांव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में धरणगाव, अमलनेर, पाचोरा और चालीसगाव से बहुत सारी गाड़ियां जाती हैं लेकिन वहां स्टापेज न होने के कारण हमें उनका कुछ लाभ नहीं मिलता। वहां स्टापेज के बारे में कई सालों से मांग चल रही है। लेकिन रेलवे की ओर से हमें अभी तक कुछ नहीं मिल पाया है। विगत चार महीने पहले, अप्रैल में जलगांव स्टेशन पर सचकन एक्सप्रैस और गीतांजलि एक्सप्रैस के लिए चार-पांच महीने से स्टॉप मिला हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी का आभार मानता हूं कि उन्होंने जलगांव स्टेशन के लिए दो स्टॉप दिए हैं। इस वजह से संसदीय क्षेत्र से सब लोग बहुत खुश थे। लेकिन आज संसदीय क्षेत्र के लोग जब टिकट लेने जाते हैं तो उन्हें सितम्बर महीने का टिकट भी नहीं मिल रहा है। इसका मतलब सितम्बर महीने से वह स्टॉप शुरू नहीं होगा। अगर यह स्टॉप कंटीन्यू नहीं किया गया तो संसदीय क्षेत्र के सब लोगों को बहुत निराशा होगी। इस कारण जिले में रेलवे के खिलाफ बहुत बड़ा आंदोलन हो सकता है जिससे रेल खाते और सरकार को बहुत भारी नुकसान होगा। इसलिए मैं आपके जरिए मांग करता हूं कि जो दिए हुए स्टॉप हैं, उन्हें कंटीन्यू किया जाए और संसदीय क्षेत्र की मांगों को पूरा किया जाए।